# बीएचईएल ने 72 वां गणतंत्र दिवस धूम-धाम से मनाया




भारत का 72 वां गणतंत्र दिवस, बीएचईएल ने देश भर के अपने सभी कार्यालयों में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। बीएचईएल की नोएडा उपनगरी में आयोजित एक भव्य समारोह में, बीएचईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. नलिन सिंघल ने भारतीय राष्ट्र ध्वज तिरंगे को फहराया। उन्होंने बीएचईएल कर्मचारियों एवं उनके परिवारों की एक सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर कर्मचारियों एवं उनके परिजनों द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।